कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग
नैनीताल।

☎ :05942 –235079, 233764 Fax,235079, Email: eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांक 3558 /10mg दिनांक 13/12/018

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,
नैनीताल।

विषयः– प्रस्तावित सतोली– प्यूड़ा मोटर मार्ग का विस्तार कार्य लम्बाई 6.00 किमी0 में प्रभावित होने वाले वृक्षों की गणना सूची के संबंध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक 800 / 13–2–1 दिनांक 21.08.2018 एवं EDS दिनांक 29.10.2018

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराया जाना है कि वन क्षेत्राधिकारी, उत्तरी गौला द्वारा प्रस्तावित मार्ग में प्रभावित होने वाले वृक्षों की जो गणना क्षेत्रवार किया गया है वह भूमि की वस्तुस्थिति को देखकर किया गया है, और यह माना है कि यह भूमि सतखोल नाप, सतखोल वन पंचायत एवं सतोली प्यूड़ा नापभूमि है और उसके अनुसार वृक्षों की गणना सूची दी गयी है।

उपरोक्तानुसार आपको स्पष्ट अवगत कराया जाना है कि खण्ड स्तर से इस मार्ग का वनभूमि हस्तान्तरण हेतु जो लैण्ड शैडयूल तैयार किया गया है वह स्वीकृत समरेखण के अनुसार स्थल पर राजस्व मानचित्र का मिलन कर खसरे नम्बरों को अवलोकन करते हुए राजस्व उपनिरीक्षक के NZA खतौनी से भूमि का प्रकार ज्ञात कर किया गया, और उसी के अनुसार वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया गया है। चूंकि इस मार्ग के पूर्व स्वीकृत समरेखण में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, इसलिए इस मार्ग का संशोधित वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित नहीं किया जा सकता है।

अतः आपको उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

13/12/18

(इं. धन सिंह कुटियाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल ।

पत्रांकः– / दिनांकः–

प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, नैनीताल को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने स्तर से वनक्षेत्राधिकारी नैनीताल से सम्पर्क स्थापित कर सही गणन के अनुसार वृक्षों की सूची प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल।